# रामबहादुर राय को मिला 'पद्मभूषण युगतुलसी पं. रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार'




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** तुलसी जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग अंतर्गत तुलसी शोध संस्थान द्वारा तुलसी मानस प्रतिष्ठान में आयोजित भक्ति संगीत एवं अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 का 'पद्मभूषण युगतुलसी पं. श्री रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार' वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और राष्ट्रचिंतक रामबहादुर राय को प्रदान किया गया।

उन्हें पत्रकारिता, राष्ट्रचिंतन, संस्कृति और समसामयिक विषयों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में शर्मा बंधु एवं साथियों ने भक्ति संगीत की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि यह सम्मान भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्रचेतना के शाश्वत मूल्यों का अभिनंदन है।

उन्होंने कहा कि रामबहादुर राय ने पत्रकारिता को राष्ट्रनिर्माण का प्रभावी माध्यम बनाया है। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि यह पुरस्कार भारतीय ज्ञान, साहित्य और अध्यात्म की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान है। सम्मान ग्रहण करते हुए रामबहादुर राय ने पं. रामकिंकर उपाध्याय के साहित्यिक और आध्यात्मिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस की उनकी सहज व्याख्या ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर सहित संस्कृति विभाग और तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अनेक अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# गौहर महल में आज से शुरू होगा राज्य स्तरीय स्वदेशी हैंडलूम मेला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के अवसर पर शुक्रवार से गौहर महल में राज्य स्तरीय स्वदेशी हैंडलूम मेला-2026 का शुभारंभ होगा।

संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम और भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आयोजित यह मेला 14 अगस्त तक चलेगा।

मेले का उद्देश्य हाथकरघा बुनकरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन देना तथा उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। मेले में प्रदेशभर के 40 से 45 बुनकर और शिल्पकार भाग लेंगे। यहां चंदेरी, महेश्वरी, वारासिवनी और सौसर के सिल्क एवं कॉटन वस्त्र, साड़ियां, कुर्तियां और ड्रेस मटेरियल प्रदर्शित किए जाएंगे।

इसके अलावा बाग, बटिक और दाबू ब्लॉक प्रिंट, मालवा क्षेत्र की छपी सामग्री, लकड़ी के खिलौने, पिथौरा एवं गोंड पेंटिंग, टीकमगढ़ का बेल मेटल शिल्प, भोपाल की जरी-जरदोजी, नीमच का बीड वर्क और जनजातीय आभूषण भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत विभिन्न जिलों के विशेष उत्पाद भी प्रदर्शित होंगे।

## दानापुर मंडल में कार्य के चलते भागलपुर-अजमेर हमसफर एक्सप्रेस के फेरे निरस्त

**भोपाल।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल में प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण भागलपुर-अजमेर हमसफर एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त किए गए हैं। भोपाल मंडल के अशोकनगर-गुना मार्ग से होकर संचालित गाड़ी संख्या 13423 भागलपुर-अजमेर हमसफर एक्सप्रेस 24 सितंबर और 1 अक्टूबर 2026 को अपने प्रारंभिक स्टेशन भागलपुर से रवाना नहीं होगी। वहीं, गाड़ी संख्या 13424 अजमेर-भागलपुर हमसफर एक्सप्रेस 26 सितंबर और 3 अक्टूबर 2026 को अजमेर से निरस्त रहेगी।

# मध्यप्रदेश संवर्ग के राहुल जैन को विदेश में महत्वपूर्ण दायित्व

**राहुल जैन होंगे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वरिष्ठ सलाहकार**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2005 बैच के अधिकारी राहुल जैन की नियुक्ति अमेरिका के वाशिंगटन डीसी स्थित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत के कार्यकारी निदेशक कार्यालय में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में की गई है।

वर्तमान में राहुल जैन केंद्र सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी। केंद्र सरकार की मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने विदेशों में विभिन्न पदों पर 11 अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। राहुल जैन इस पद पर वर्तमान में कार्यरत केरल संवर्ग के वर्ष 2000 बैच के अधिकारी आनंद सिंह का स्थान लेंगे तथा उनकी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति समयपूर्व समाप्त की जाएगी। इससे पहले मध्य प्रदेश संवर्ग के वर्ष 1998 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी निकुंज श्रीवास्तव वर्ष 2024 से वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे हैं।

## बीएचईएल कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन, नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स से संबद्ध प्रतिनिधिमंडल ने बीएचईएल के दिल्ली स्थित निगम कार्यालय में कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

# निरीक्षण में पटरियों के किनारे कचरा मिलने पर हरित अधिकरण ने जताई नाराजगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर कचरा प्रबंधन में लापरवाही का मामला सामने आने पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिकरण ने संयुक्त जांच समिति की रिपोर्ट का अवलोकन किया। सुनवाई के दौरान समिति ने बताया कि निरीक्षण में स्टेशन परिसर के कुछ स्थानों पर ठोस कचरे का संचय, रेल पटरियों के किनारे कचरे की मौजूदगी तथा कचरा भंडारण क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पाई गई।समिति ने यह भी कहा कि स्टेशन की कचरा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकरण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा नागरिकों के जीवन के अधिकार की रक्षा संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

**अंकसूची गुम होने की सूचना**

मैं श्रीराम कुमार, पिता/पति दलजीत नारायण सिंह, निवासी F-7 सुख सागर फेज 4 नियर प्रीमियर ऑर्चर्ड भोपाल, जी एन एम् प्रथम वर्ष, की मूल अंकसूची (मार्कशीट) भानपुर से जे एस आर कॉलेज आते-जाते समय दिनांक 06/08/2026 को गुम हो गई है। इसकी सूचना पुलिस थाने में दर्ज कर दी गई है। किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबरः 9065075375 पर संपर्क किया जा सकता है। - भवदीय

1213

**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/23/2026)**

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38262202A | बोगी सेंटर पाइवोट बॉटम फॉर CASNUB बोगीज | 1096 नंबर्स | 24.08.2026 |
| 2 | 50265073_RC1 | PVC इंसुलेटेड अमॉरेद, unscreened, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल ऑफ़ साइज 12C x 1.5 Sq.mm | 3000 किलोमीटर | 31.08.2026 |
| 3 | 50265120_RC2 | सप्लाई ऑफ़ अंडरग्राउंड रेलवे जेली filled टेलीकॉम Quad केबल्स ऑफ़ साइज 06 Quad having 0.9 mm | 2000 किलोमीटर | 31.08.2026 |
| 4 | 10264529 | एलिमेंट इंजन एयर फ़िल्टर | 678 नंबर्स | 31.08.2026 |
| 5 | 61261716 | वेल्डिंग इलेक्ट्रोड H3-B क्लास साइज 4.00x350mm | 7850 कि.ग्रा. | 31.08.2026 |
| 6 | 82265129A | Nivolumab 100 mg इंजेक्शन | 60 नंबर्स | 04.09.2026 |
| 7 | 38265007A | टॉप हाउसिंग | 3500 नंबर्स | 10.09.2026 |
| 8 | 61262455A | विनाइल कोटेड upholstery फॉर नॉन AC कोचेस | 95735 मीटर | 30.09.2026 |
| 9 | 80261356 | UTS थर्मल पेपर टिकट रोल | 111020 नंबर्स | 30.09.2026 |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

*कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला गुना**

**(विज्ञप्ति)**

आवेदकगण भूपेन्द्र बैरागी पुत्र श्री विष्णुदास बैरागी (आयु 34 वर्ष) निवासी ग्राम पिपरोदाखुर्द तहसील व जिला गुना म.प्र. एवं ममता कोरी (विधवा) पुत्री स्वश्री हरनामसिंह कोरी (आयु 38 वर्ष) निवासी ग्राम पिपरोदाखुर्द तहसील व जिला गुना म.प्र. द्वारा आधार कार्ड, शपथ पत्र तथा उचित शीर्ष में 100 रूपये का चालान आदि दस्तावेज पेश कर मय साक्षियों सहित विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह कराये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है।यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो तो वह इस संबंध में दिनांक 11 अगस्त 2026 तक अपनी आपत्ति अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला गुना के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से 06:00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत दिवस व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत / आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

(अखिलेश कुमार जैन) अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला गुना (म.प्र.)

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार **चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स कं. लि.,** शाखा विद्या नगर, होशंगाबाद रोड, भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि बुशरा बी पत्नि सरफराज ने संपत्ति जो कि फ्लेट नं. 103, प्रथम तल, पीछे की ओर, असद अली रेसीडेंसी, प्लॉट नं. 115/2, बरखेड़ी सड़क, वार्ड नं. 35, तह. हुजूर, जिला भोपाल, में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त सम्पत्ति उन्होंने श्रीमती शाजिया से क्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध किया है। उक्त संपत्ति का नाप 500 वर्गफिट व चर्तुसीमायें पूरब-फ्लेट नं. 104, पश्चिम-नीचे गली, उत्तर-कॉमन पेसेज एवं फ्लेट नं. 101 व दक्षिण-अन्य संपत्ति हैं। यह कि उक्त संपत्ति से संबंधित एक मूल रजिस्ट्री जो कि दि. 21/06/19, ई-पंजीयन क्रमांक-MP059692019A1430713 पर उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल-। में पंजीकृत है, कहीं गुम हो गयी है जो कि समस्त प्रयासों के बाद भी नहीं मिल रही हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के **07 दिवस** के अंदर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

भवदीय- **दीपक शर्मा** (एडवोकेट)
कार्या.-ई-5/13-सी, अरेरा कालोनी, भोपाल
मोबाइलः-9993001229

1212

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमति शिवरानी पत्नी स्व. गुरूवचन सिंह नि-म.न. 66, नयापुरा लालघाटी, भोपाल म.प्र. के स्वामित्व एवं अधिपत्य के दो भूखण्ड जो कि खसरा क्र. 58. खसरा क्र. 57, नयापुरा लालघाटी, भोपाल मे है। उक्त दोनो भूखण्ड के संबंध में मेरी पक्षकार एवं प्रीति यादव, पूजा यादव नि-नयापुरा लालघाटी, भोपाल से न्यायालय में विवाद चल रहा है। इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दोनो भूखण्ड खसरा क्र. 58, एवं खसरा क्र. 57 के संबंध में कोई क्रय विक्रय की कार्यवाही ना करे अन्यथा मेरी पक्षकार क्रय विक्रय करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगी।

**लालजी त्रिपाठी** अधिवक्ता
कार्या-सहारा एडवोकेट, 14 नादरा काम्पलेक्स, सुल्तानिया रोड, भोपाल मो.9993956584

1211

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल**

(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)

प्रकरण क्रमांक-0035/अ-3/2026-27

**//इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती मिलन माहेश्वरी निवासी : ई-7/9, चित्रगुप्त सोसायटी, अरेरा कॉलोनी भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम-खजुरी खुर्द तहसील एम.पी. नगर स्थित भूमि खसरा 49/2/1(S) रकबा 0.358 हेक्टेयर-एण्ड भूमि खसरा 50/3(S) रकबा 0.058 हेक्टेयर का अंशांकित कुल रकबा 0.416 हेक्टेयर का बंटान हैतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से **7 दिवस** के अंदर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 06/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।'

नायब तहसीलदार
नजूल एम.पी. नगर वृत्त भोपाल

1210

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल**

(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)

प्रकरण क्रमांक-0034/अ-3/2026-27

**//इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती वंदना गुप्ता निवासी-433, कल्पना नगर, रायसेन रोड, भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम-खजुरी खुर्द तहसील एम.पी. नगर स्थित भूमि खसरा 49/2/2 (S) का अंशांकित कुल रकबा 0.255 हेक्टेयर का बंटान हैतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से **7 दिवस** के अंदर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 06/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
नजूल एम.पी. नगर वृत्त भोपाल

1209

## सूडोकु नवताल - 7864

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7863 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## काकुरो पहेली - 7537




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**





1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो - 7536 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8934




**बाएँ से दाएँ**

1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य (अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस-2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नागवाला, नागचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

**ऊपर से नीचे**


1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्य भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आरचण, चरित्र-5
13. कपड़े की दिवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसुरत, सुन्दर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, नवीन-2
26. शूर, बहादूर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

**शब्द पहेली -8933 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7376



**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 7375**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 7470

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 5 | 1 | 6 | |
| | 33 | 1 | 25 | | 31 | |
| 1 | | 6 | | 3 | | 5 |
| 5 | 39 | | 31 | 6 | 34 | |
| | 7 | | 3 | | | 1 |
| 2 | 36 | 7 | 36 | 7 | 30 | 2 |
| | 1 | 3 | | 4 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 7469 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 30 | 1 | 24 | 2 | 30 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 35 | 6 | 37 | 3 | 29 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 40 | 4 | 33 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 8490

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ए | का | धि | का | र | प | गो |
| न | का | क | म | इं | डो | ने | ग | ति | मा | ला |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अं | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | का | जा | न | स | ध | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | न | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | का | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'कार' लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

प्रकार, गोलाकार, अनाकार, जानकार, एकाधिकार, नकार, अंधकार, अलंकार, असहकार, कमलाकार

**शब्दजाल - 8489 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore